1. किस सम्राट ने 1637 में आना सागर झील की पैविलियन या बारादरी का निर्माण कराया था ?

(A) जहाँगीर

(B) औरंगजेब

(C) अकबर

(D) शाहजहाँ

2. चूना पत्थर, संगमरमर और चाक किसके विभिन्न रूप हैं ?

(A) हाइड्रोक्लोरिक एसिड

(B) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट

(C) कैल्शियम कार्बोनेट

(D) कैल्शियम सल्फेट

3. एक पिता ने अपने बेटे से कहा, "मैं तुम्हारे जन्म के समय तुम्हारी वर्तमान उम्र के बराबर था"। यदि पिता की उम्र अब 38 वर्ष है, तो पाँच वर्ष पहले बेटे की उम्र थी

(A) 38 वर्ष

(B) 19 वर्ष

(C) 14 वर्ष

(D) 33 वर्ष

4. राजस्थान की आहड़-बनास संस्कृति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में खोजी गई थी ?

(A) जयपुर क्षेत्र

(B) जोधपुर क्षेत्र

(C) उदयपुर क्षेत्र

(D) बीकानेर क्षेत्र

5. सामंथा हार्वे ने निम्नलिखित में से किस उपन्यास के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता ?

(A) द वेस्टर्न विंड

(B) द वाइल्डरनेस

(C) ऑर्बिटल

(D) डियर थीफ

6. इस शृंखला को देखें : 2, 1, (1/2), (1/4), . . . अगला नंबर क्या आना चाहिए ?

(A) (1/16)

(B) (1/8)

(C) (1/3)

(D) (2/8)

7. ऑपरेटिंग सिस्टम (OS) का कौन-सा घटक प्रोग्राम को चलाने के लिए मेमोरी आवंटन का प्रबंधन करता है ?

(A) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)

(B) डिवाइस ड्राइवर

(C) मेमोरी मैनेजर

(D) एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर

10093539 10093539 10093539 10093539 10093539
Tejal Shiksha Vibhag

8. शुरुआती कंप्यूटरों में वैक्यूम ट्यूब की जगह किस तकनीक ने ली ?

(A) रेसिस्टर्स

(B) LED

(C) ट्रांज़िस्टर

(D) डायोड

9. 5 क्रमागत संख्याओं का औसत n है । यदि अगली दो संख्याएँ भी शामिल कर ली जाएँ, तो 7 संख्याओं का औसत

(A) 1.4 से बढ़ जाएगा

(B) 1 से बढ़ जाएगा

(C) 2 से बढ़ जाएगा

(D) वही रहेगा

10. भड़ला सोलर पार्क कहाँ स्थित है ?

(A) अजमेर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) जोधपुर

11. राजस्थान की देशांतरीय सीमा कितनी है ?

(A) 70°00′ पूर्व से 80°00′ पूर्व

(B) 68°07′ पूर्व से 97°25′ पूर्व

(C) 23°03′ उत्तर से 30°12′ उत्तर

(D) 69°30′ पूर्व से 78°17′ पूर्व

12. A, B, C के वेतन का अनुपात 2 : 3 : 5 है । यदि उनके वेतन में क्रमशः 15%, 10% और 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतन का नया अनुपात क्या होगा ?

(A) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(B) 10 : 11 : 20

(C) 3 : 3 : 10

(D) 23 : 33 : 60

13. कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में किस नदी के बाएं या दक्षिणी तट पर स्थित है ?

(A) सतलुज नदी

(B) दृषद्वती नदी

(C) सरस्वती नदी

(D) घग्गर (घग्गर-हकरा) नदी

14. दुनिया की तीसरी सबसे लंबी नदी, मिसिसिपी किस महाद्वीप में स्थित है ?

(A) उत्तरी अमेरिका

(B) दक्षिण अमेरिका

(C) यूरोप

(D) एशिया

Tejal Shiksha Vibhag

15. यदि दक्षिण-पूर्व दिशा उत्तर हो जाती है, उत्तर-पूर्व दिशा पश्चिम हो जाती है और इसी तरह आगे भी । फिर पश्चिम दिशा क्या हो जाएगी ?

(A) दक्षिण-पूर्व

(B) उत्तर-पश्चिम

(C) उत्तर-पूर्व

(D) दक्षिण-पश्चिम

16. राजस्थान में पर्यटन और सांस्कृतिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 4 दिसंबर 2024 को कौन-सी नई नीति लागू की गई ?

(A) राजस्थान संस्कृति में निवेश नीति

(B) राजस्थान पर्यटन विकास योजना

(C) राजस्थान पर्यटन उत्कृष्टता नीति

(D) राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP)

17. अटल इनोवेशन मिशन को ________ तक बढ़ाया गया ।

(A) 31 मार्च, 2030

(B) 31 मार्च, 2026

(C) 31 मार्च, 2025

(D) 31 मार्च, 2028

18. बकमिन्स्टरफुलरीन के एक अणु में क्या होता है ?

(A) 60 षट्भुज और शून्य पंचभुज

(B) 12 षट्भुज और 20 पंचभुज

(C) 20 षट्भुज और 12 पंचभुज

(D) 30 षट्भुज और 30 पंचभुज

19. समीर और आनंद की वर्तमान आयु क्रमशः 5 : 4 के अनुपात में है । तीन साल बाद, उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 11 : 9 हो जाएगा । आनंद की वर्तमान आयु वर्षों में क्या है ?

(A) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(B) 27

(C) 24

(D) 40

20. अफ्रीका का सबसे बड़ा जलप्रपात, विक्टोरिया फॉल्स, किन दो देशों की सीमा पर स्थित है ?

(A) मिस्त्र और सूडान

(B) दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना

(C) जाम्बिया और जिम्बाब्वे

(D) कीन्या और तंज़ानिया

21. राजस्थान में दांडी गैर लोक-नृत्य मुख्य रूप से कहाँ पाया जाता है ?

(A) मारवाड़

(B) जैसलमेर

(C) उदयपुर

(D) बाड़मेर



Tejal Shiksha Vibhag

22. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए अनिल ने कहा "वह मेरे भाई के पिता की इकलौती बेटी का बेटा है।" अनिल का तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति से क्या संबंध है ?

(A) मामा

(B) भाई

(C) भतीजा

(D) पिता

23. तुंगा के मैदान में सवाई प्रताप सिंह द्वारा पराजित मराठा सेनापति का नाम क्या है ?

(A) राघोजी भोंसले

(B) महाद जी सिंधिया

(C) बाजी राव प्रथम

(D) होलकर

24. राजस्थान में कौन-सी नीति का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहन के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करना है ?

(A) राजस्थान निर्यात नीति, 2024

(B) राजस्थान खनिज नीति, 2024

(C) राजस्थान एमएसएमई नीति, 2024

(D) राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, 2024

25. भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी जल समझौता किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1955

(B) 1963

(C) 1965

(D) 1960

26. राजस्थान के कुंभलगढ़ किले को किस वर्ष यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था ?

(A) 2013

(B) 2010

(C) 2015

(D) 2018

27. 15 मजदूर 7 दिनों में 35 बक्से भर सकते हैं। कितने मजदूर 5 दिनों में 65 बक्से भर सकते हैं ?

(A) 65

(B) 39

(C) 13

(D) 45

28. सम्राट अकबर की संप्रभुता को स्वीकार करने वाला राजपूताना का पहला शासक कौन था ?

(A) राजा मान सिंह

(B) राजा भारमल

(C) राणा सांगा

(D) राव मालदेव

29. कौन-सी इकाई टेराबाइट (TB) से बड़ी है ?

(A) पेटाबाइट (PB)

(B) मेगाबाइट (MB)

(C) किलोबाइट (KB)

(D) गीगाबाइट (GB)

Tejal Shiksha Vibhag

30. निम्नलिखित में से किस देश ने ICC T20 विश्व कप 2024 पुरुष संस्करण की मेजबानी की ?

(A) भारत और श्रीलंका

(B) ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड

(C) यू.एस.ए. और वेस्ट इंडीज

(D) इंग्लैंड और वेल्स

31. 14 अगस्त 2025 को सप्ताह का कौन-सा दिन है ?

(A) शुक्रवार

(B) बुधवार

(C) रविवार

(D) गुरुवार

32. किस ऐतिहासिक स्मारक के लिये मकराना का संगमरमर उपयोग किया गया था ?

(A) इंडिया गेट

(B) कुतुब मीनार

(C) लाल किला

(D) ताजमहल

33. फ्लेमिंग के बाएँ हाथ के नियम के अनुसार, तर्जनी अंगुली किस दिशा में इशारा करती है ?

(A) बल

(B) गति

(C) धारा

(D) चुंबकीय क्षेत्र

34. 100 पुस्तकों का क्रय मूल्य 60 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर है । लाभ प्रतिशत ________ होगा ।

(A) $66\frac{3}{4}\%$

(B) $66\frac{1}{4}\%$

(C) $66\frac{2}{3}\%$

(D) 66%

Tejal Shiksha Vibhag

35. किस अधिनियम के तहत कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई थी ?

(A) 1858 का भारत सरकार अधिनियम

(B) 1813 का चार्टर एक्ट

(C) 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट

(D) 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट

36. राजस्थान में नेजा नृत्य किस त्यौहार में किया जाता है ?

(A) तीज

(B) होली

(C) दिवाली

(D) गणगौर

37. महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (CEDAW) को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा किस तिथि को अपनाया गया था ?

(A) 1 जनवरी, 1980

(B) 10 दिसंबर, 1948

(C) 24 अक्टूबर, 1945

(D) 18 दिसंबर, 1979

38. पिछोला झील का निर्माण किसके शासनकाल में हुआ था ?

(A) महाराणा फतेह सिंह

(B) महाराणा लाखा

(C) महाराणा प्रताप

(D) महाराणा जय सिंह

39. कौन-सा स्टोरेज डिवाइस उच्च डेटा ट्रांसफर गति के लिए जाना जाता है ?

(A) टेप ड्राइव

(B) सॉलिड स्टेट ड्राइव (SSD)

(C) डिजिटल विडियो डिस्क (DVD)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. फिनोलफ्थेलिन सूचक क्षारीय विलयन में कौन-सा रंग देता है ?

(A) गुलाबी

(B) लाल

(C) रंगहीन

(D) नीला

41. निम्नलिखित में से कौन-सी उच्च-स्तरीय भाषा है ?

(A) हेक्साडेसिमल

(B) मशीन कोड

(C) पायथॉन

(D) असेंबली

42. जयसमंद झील को इस नाम से भी जाना जाता है

(A) स्वरूप झील

(B) ढेबर झील

(C) गोविंद बल्लभ झील

(D) फतेह झील

43. ऋणायन किसके द्वारा बनता है ?

(A) एक या अधिक प्रोटॉन की हानि

(B) इलेक्ट्रॉनों का साझाकरण

(C) परमाणु द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉन की हानि

(D) परमाणु द्वारा एक या अधिक इलेक्ट्रॉनों का लाभ

44. अगर आज सोमवार है, तो 61 दिनों के बाद क्या होगा ?

(A) गुरुवार

(B) शनिवार

(C) बुधवार

(D) मंगलवार

45. जय सिंह द्वितीय द्वारा लड़ी गई अंतिम लड़ाई कौन–सी थी ?

(A) पालखेड़ का युद्ध

(B) हल्दीघाटी का युद्ध

(C) गंगवाना का युद्ध

(D) राजमहल का युद्ध

46. कंप्यूटर में टेक्स्ट डेटा दर्ज करने के लिए किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है ?

(A) स्पीकर

(B) मॉनिटर

(C) प्रिंटर

(D) कीबोर्ड

47. भारत का पहला भवाई नर्तक कौन था ?

(A) मृणालिनी साराभाई

(B) कृष्ण व्यास छंगानी

(C) रुक्मिणी देवी

(D) उदय शंकर

48. इस प्रश्न में एक रेखांकित शब्द है जिसके बाद चार उत्तर विकल्प हैं । आप वह शब्द चुनेंगे जो रेखांकित शब्द का एक आवश्यक हिस्सा है ।
<u>भाषा</u>

(A) शब्द

(B) जीभ

(C) लेखन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. बाल लिंग अनुपात की गणना आमतौर पर कैसे की जाती है ?

(A) 0-14 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कियों पर लड़कों की संख्या

(B) 0-6 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या

(C) 0-6 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कियों पर लड़कों की संख्या

(D) 0-14 वर्ष आयु वर्ग में प्रति 1,000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या

50. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने 1667 ई. में बंगाल में व्यापार के लिए अंग्रेजों को फरमान जारी किया था ?

(A) बहादुर शाह – I

(B) शाहजहाँ

(C) जहाँगीर

(D) औरंगज़ेब

51. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द आने वाले सौर विकिरण को संदर्भित करता है, जो शॉर्टवेव विकिरण के रूप में होता है ?

(A) संवहन

(B) स्थलीय विकिरण

(C) इन्सोलेशन

(D) एल्बेडो

Tejal Shiksha Vibhag

52. राजस्थान में वृक्षारोपण के लिए अगस्त 2024 में शुरू किए गए अभियान का शीर्षक क्या है ?

(A) वन महोत्सव राजस्थान

(B) हरियाली अभियान

(C) मिशन ग्रीन राजस्थान

(D) मिशन हरियालो राजस्थान

53. लूनी नदी राजस्थान के किस क्षेत्र से होकर गुजरती है ?

(A) चंबल बेसिन

(B) पूर्वी राजस्थान

(C) मेवाड़

(D) दक्षिण-पूर्वी थार रेगिस्तान

54. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम सूचीबद्ध कंपनियों और सार्वजनिक कंपनियों में महिला निदेशकों की नियुक्ति के लिए प्रावधान करता है ?

(A) माल की बिक्री अधिनियम, 1930

(B) परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881

(C) भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872

(D) कंपनी अधिनियम, 2013

55. वह संख्या, जो स्वयं को 17 बार जोड़ने पर 162 परिणाम देती है, वह है

(A) 9

(B) 8

(C) 7

(D) 10

56. 31 मार्च 2024 तक राजस्थान में सड़कों की लंबाई कितनी थी ?

(A) 3,14,215 किमी

(B) 3,17,121 किमी

(C) 3,10,325 किमी

(D) 3,20,480 किमी

57. एक विद्युत बल्ब 20 मिनट तक 0.25A धारा खींचता है। परिपथ में प्रवाहित होने वाले विद्युत आवेश की मात्रा क्या है ?

(A) 5 C

(B) 25 C

(C) 300 C

(D) 30 C

58. राहुल ने अपनी घड़ी को टेबल पर इस तरह रखा कि शाम 6 बजे घंटे की सुई उत्तर की ओर इशारा करती है। रात 9.15 बजे मिनट की सुई किस दिशा में इशारा करेगी ?

(A) पश्चिम

(B) दक्षिण

(C) दक्षिण-पूर्व

(D) उत्तर

Tejal Shiksha Vibhag

59. $\dfrac{2.70 \times 2.70 + 4.30 \times 4.30 + 8.60 \times 2.70}{2.70 + 4.30} = ?$

(A) 8.5

(B) 7.0

(C) 6.8

(D) 7.6

60. स्वतंत्र भारत के अंतिम गवर्नर-जनरल (1948 से 1950 तक) कौन थे ?

(A) सी. राजगोपालाचारी


(B) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(C) लॉर्ड माउंटबेटन

(D) जवाहरलाल नेहरू

61. उस आकृति को पहचानें जो पैटर्न को पूरा करती है ।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

62. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की स्थापना ________ में हुई थी ।

(A) 1956

(B) 1966

(C) 1957

(D) 1977

63. दो संख्याएँ A और B इस प्रकार हैं कि A के 5% और B के 4% का योग A के 6% और B के 8% के योग का दो-तिहाई है । A : B का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(A) 4 : 3

(B) 1 : 1

(C) 2 : 3

(D) 3 : 4

64. अनुच्छेद 51A के अनुसार, माता-पिता या अभिभावकों पर उनके बच्चों के संबंध में क्या मौलिक कर्तव्य लगाया गया है ?

(A) अपने बच्चों की शिक्षा को वित्तीय रूप से तब तक सहायता करना जब तक वे स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर लेते ।

(B) 6 से 14 वर्ष की आयु के बीच अपने बच्चों/वार्डों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना ।

(C) यह सुनिश्चित करना कि उनके बच्चे व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करें ।

(D) अपने बच्चों को केवल सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाना।

1093539 1093539 1093539 1093539
Tejal Shiksha Vibhag

65. निम्नलिखित में से कौन एक सिस्टम एप्लीकेशन (system application) है ?

(A) वीडियो लैन क्लाईंट (VLC) प्लेयर

(B) व्हाट्सएप

(C) डिस्क डीफ्रेग्मेंटर

(D) गूगल क्रोम

66. एक आदमी अपने बेटे से 24 साल बड़ा है। दो साल बाद, उसकी उम्र उसके बेटे की उम्र से दोगुनी हो जाएगी। उसके बेटे की वर्तमान आयु है

(A) 22 साल

(B) 18 साल

(C) 14 साल

(D) 20 साल

67. राजस्थान सरकार द्वारा 1963 में प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई खुली जेल का नाम क्या है ?

(A) श्री सम्पूर्णानन्द खुला बंदी शिविर

(B) सम्पूर्णानन्द जेल केंद्र

(C) राजस्थान खुला सुधार शिविर

(D) खुला जेल विकास योजना

68. कंप्यूटर सिस्टम क्या है ?

(A) एक प्रिंटर और स्कैनर

(B) केवल एक कीबोर्ड

(C) केवल एक मॉनिटर

(D) हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर वाला इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

69. इकनॉमिक रिव्यू, 2024-25 के अनुसार राजस्थान में WPI के अंतर्गत कितनी वस्तुएँ आती हैं ?

(A) 114

(B) 154

(C) 134

(D) 174

70. कीर्ति स्तंभ राजस्थान के किस शहर में स्थित है ?

(A) चित्तौड़गढ़

(B) बीकानेर

(C) उदयपुर

(D) अजमेर

Tejal Shiksha Vibhag

71. राजस्थान में 1857 का विद्रोह सबसे पहले कहाँ शुरू हुआ था ?

(A) जोधपुर

(B) नसीराबाद

(C) जयपुर

(D) उदयपुर

72. 1.$\overline{6}$ को भिन्न के रूप में व्यक्त कीजिए।

(A) $\frac{16}{09}$

(B) $\frac{16}{10}$

(C) $\frac{5}{3}$

(D) इनमें से कोई नहीं

73. किस तारीख को संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा सर्वसम्मति से 'बाल अधिकारों पर घोषणा' (Declaration of the Rights of the Child) को अपनाया गया था ?

(A) 30 सितंबर, 1979

(B) 20 नवंबर, 1959

(C) 20 अक्टूबर, 1949

(D) 10 दिसंबर, 1969

74. दो उम्मीदवारों के बीच एक कॉलेज चुनाव में, एक उम्मीदवार को कुल वैध मतों में से 55% वोट मिले । 15% वोट अवैध थे । यदि कुल वोट 15,200 थे, तो दूसरे उम्मीदवार को कितने वैध वोट मिले ?

(A) 5814

(B) 6840

(C) 7106

(D) 8360

75. निम्नलिखित में से किसे "भविष्य का ईंधन" माना जाता है ?

(A) हाइड्रोजन

(B) पेट्रोलियम

(C) कोयला

(D) प्राकृतिक गैस

76. एक शहर की जनसंख्या एक दशक में 1,75,000 से बढ़कर 2,62,500 हो गई । प्रति वर्ष जनसंख्या में औसत प्रतिशत वृद्धि है

(A) 8.75%

(B) 5%

(C) 4.37%

(D) 6%

77. निम्नलिखित में से कौन-सा एक द्वितीयक संग्रहण (Secondary Memory) डिवाइस है ?

(A) हार्ड डिस्क ड्राइव

(B) रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM)

(C) रजिस्टर

(D) कैश

78. कौन-सा हार्मोन अग्न्याशय द्वारा उत्पादित होता है और रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में मदद करता है ?

(A) इंसुलिन

(B) वृद्धि हार्मोन

(C) थायरोक्सिन

(D) ईस्ट्रोजन

79. $0.000033 \div 0.11 = ?$

(A) 0.3

(B) 0.03

(C) 0.003

(D) 0.0003

Tejal Shiksha Vibhag

80. बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था ?

(A) 2006

(B) 1986

(C) 1976

(D) 1996

81. शृंखला 3, 4, 13, 38, 87, ... में अगली संख्या पहचाने ।

(A) 172

(B) 164

(C) 168

(D) 166

82. राजस्थान में किस प्रकार का विधानमंडल है ?

(A) एकसदनीय

(B) द्विसदनीय

(C) त्रिसदनीय

(D) इनमें से कोई नहीं

83. कथन "किसी पिंड के संवेग में परिवर्तन की दर पिंड पर लगाए गए बल के समानुपाती होती है तथा बल की दिशा में होती है" न्यूटन के गति के किस नियम का वर्णन करता है ?

(A) न्यूटन का सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण का नियम

(B) न्यूटन का गति का पहला नियम

(C) न्यूटन का गति का दूसरा नियम

(D) न्यूटन का गति का तीसरा नियम

84. 120 पुरुषों के पास 200 दिनों तक भोजन था । 5 दिनों के बाद, COVID के कारण 30 पुरुषों की मृत्यु हो गई । बचा हुआ भोजन अब ________ तक चलेगा ।

(A) 260 दिन

(B) 150 दिन

(C) 245 दिन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. फतेहपुर के युद्ध में जॉर्ज थॉमस को किसने हराया ?

(A) माधो सिंह प्रथम

(B) महाराजा राम सिंह द्वितीय

(C) महाराजा जय सिंह द्वितीय

(D) सवाई प्रताप सिंह

86. "एक वाहन, एक फास्टैग" पहल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा ________ से कार्यान्वित की गई ।

(A) 1 अप्रैल, 2025

(B) 1 जून, 2024

(C) 1 अप्रैल, 2024

(D) 1 जनवरी, 2025

87. मानस वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है ?

(A) सिक्किम

(B) पश्चिम बंगाल

(C) असम

(D) अरुणाचल प्रदेश

Tejal Shiksha Vibhag

88. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत चोटी उदयपुर ज़िले में स्थित है ?

(A) जरगा

(B) सेर


(C) गुरु शिखर


(D) अचलगढ़


89. वह वैकल्पिक आकृति ज्ञात करें जिसमें आकृति (X) उसके भाग के रूप में हो ।




(X)

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

90. विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में भारत ने कितने पदक जीते ?

(A) 150

(B) 120

(C) 100

(D) 134

91. किस प्रकार का माइक्रोप्रोसेसर एक ही समय में कई कार्य निष्पादित कर सकता है ?

(A) वन-बिट कोर

(B) मल्टी-कोर

(C) सिंगल-कोर

(D) इनमें से कोई नहीं

92. 20 वीं पशुधन जनगणना के अनुसार, भारत की बकरियों की आबादी का कितना प्रतिशत राजस्थान में पाया जाता है ?

(A) 8.43%

(B) 12.47%

(C) 10.64%

(D) 14.00%

93. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन-सा कथन में दी गई जानकारी से तर्कसंगत संदेह से परे है ।

**कथन :** राष्ट्रीय मानदंड प्रति हजार जनसंख्या पर 100 बिस्तर है, लेकिन इस राज्य में अस्पतालों में प्रति हजार 150 बिस्तर उपलब्ध हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. हमारा राष्ट्रीय मानदंड उचित है ।

II. राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली इस संबंध में पर्याप्त देखभाल कर रही है ।

(A) I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(D) न तो I और ना ही II अनुसरण करता है

Tejal Shiksha Vibhag

94. बाड़मेर में तिलवाड़ा की खोज ______ ने की थी ।

(A) बालकृष्ण थापर

(B) रतन चंद्र अगरवाल

(C) अमलानंद घोष

(D) डॉ. वी. एन. मिश्रा

95. स्वपोषी (Autotrophs) में क्या शामिल है ?

(A) केवल हरे पौधे

(B) जानवर और कवक

(C) हरे पौधे और कुछ बैक्टीरिया

(D) केवल बैक्टीरिया

(निर्देश : 96 से 97) : निम्नलिखित संख्या शृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी ?

96. 80, 10, 70, 15, 60, ?

(A) 50

(B) 25

(C) 20

(D) 30

97. 544, 509, 474, 439, ?

(A) 445

(B) 414

(C) 404

(D) 420

98. 70 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?

(A) वहीदा रहमान

(B) आशा पारेख

(C) मिथुन चक्रवर्ती

(D) रजनीकांत

99. राजस्थान में तेरह ताली नृत्य अक्सर किस लोक नायक के सम्मान में किया जाता है ?

(A) बाबा रामदेव

(B) तेजाजी

(C) पाबूजी

(D) गोगाजी

100. एक कक्षा में, लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से कुल संख्या का 12% अधिक है । लड़कों और लड़कियों का अनुपात है

(A) 28 : 25

(B) 14 : 11

(C) 11 : 14

(D) 25 : 28

101. संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत भारत में कितनी बार आपातकाल घोषित किया गया है ?

(A) चार बार

(B) दो बार

(C) एक बार

(D) तीन बार

102. एक विद्युत बल्ब की रेटिंग 220 V और 100 W है । जब इसे 110 V पर चलाया जाता है, तो खपत की गई बिजली होगी

(A) 25 W

(B) 100 W

(C) 75 W

(D) 50 W

Tejal Shiksha Vibhag

103. शृंखला 6, 7, 15, 46, 185, ____ पूर्ण करें।

(A) 924

(B) 920

(C) 926

(D) 925

104. इकनॉमिक रिव्यू, 2024-25 के अनुसार राजस्थान के GSVA में किस क्षेत्र ने सबसे बड़ा योगदान दिया ?

(A) एमएसएमई

(B) सेवाएँ

(C) कृषि

(D) उद्योग

105. कौन निर्धारित करता है कि एक माइक्रोप्रोसेसर एक बार में कितने बिट्स संभाल सकता है ?

(A) स्पीड रेटिंग

(B) ROM क्षमता

(C) वर्ड साइज़

(D) कैश साइज़

106. नागरी सभ्यता की खुदाई डॉ.डी.आर. भंडारकर ने किस नदी के किनारे और राजस्थान के किस जिले में की थी ?

(A) कटारी नदी, उदयपुर

(B) घग्गर नदी, हनुमानगढ़

(C) बेढ़च नदी, चित्तौड़गढ़

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

107. यदि किसी भिन्न के अंश में 200% की वृद्धि की जाती है और भिन्न के हर में 150% की वृद्धि की जाती है, तो परिणामी भिन्न $\frac{9}{35}$ है, तो मूल भिन्न ____________ है।

(A) $\frac{2}{7}$

(B) $\frac{2}{15}$

(C) $\frac{3}{14}$

(D) $\frac{3}{16}$

108. अफ्रीका महाद्वीप यूरोप से निम्नलिखित में से किस समुद्र द्वारा अलग होता है ?

(A) भूमध्य सागर

(B) काला सागर

(C) लाल सागर

(D) अरब सागर

109. निम्नलिखित अक्षर पैटर्न को पूर्ण कीजिए :

FAG, GAF, HAI, IAH, ________

(A) JAI

(B) HAL

(C) JAK

(D) HAK

110. राजस्थान में मेट्रो रेल का संचालन किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया ?

(A) 2018

(B) 2014

(C) 2015

(D) 2016

Tejal Shiksha Vibhag

111. नीति आयोग द्वारा 13 मार्च, 2024 को निम्नलिखित में से कौन-सी परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था और जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है ?

(A) वोकल फॉर लोकल

(B) सेल्फ रिलायंट इंडिया

(C) ग्लोबल फॉर लोकल

(D) मेक इन इंडिया

112. 150 का 37% – 1000 का 0.05% = ?

(A) 55

(B) 50

(C) 55.5

(D) इनमें से कोई नहीं

113. निकट दृष्टिदोष में व्यक्ति ________ स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता ।

(A) बहुत छोटी वस्तुएँ

(B) आस-पास की वस्तुएँ

(C) दूर रखी हुई वस्तुएँ

(D) मंद प्रकाश में वस्तुएँ

114. दाईं ओर से मिलने वाली माही नदी की मुख्य सहायक नदी कौन-सी है ?

(A) सोम

(B) पनम

(C) अनस

(D) गोमा

115. 6240 रुपये की राशि 30 किस्तों में इस प्रकार चुकाई जाती है कि प्रत्येक किस्त पिछली किस्त से 10 रुपये अधिक है । पहली किस्त की मूल्य ________ है ।

(A) 63 रुपये

(B) 30 रुपये

(C) 36 रुपये

(D) 60 रुपये

116. राजस्थान के उस्ताद असद अली खान (अलवर) किस संगीत वाद्ययंत्र से सम्बंधित हैं ?


(A) सारंगी

(B) रुद्र वीणा

(C) वीणा

(D) सितार

117. निम्नलिखित आकृति में त्रिभुज 'लड़कियों' को दर्शाता है, आयताकार 'खिलाड़ी' और वृत्त 'कोच' को दर्शाता है । आरेख का कौन-सा भाग उन लड़कियों को दर्शाता है जो खिलाड़ी हैं लेकिन कोच नहीं हैं ?




(A) S

(B) Q

(C) P

(D) R



Tejal Shiksha Vibhag

118. राजस्थान में कौन-सा विभाग विभिन्न राज्य सेवाओं में भर्ती के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है ?

(A) उद्योग विभाग

(B) कार्मिक विभाग (DoP)

(C) श्रम विभाग

(D) गृह मंत्रालय

119. डायनामाइट का आविष्कार किसने की ?

(A) अलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल

(B) मैरी क्यूरी

(C) अल्फ्रेड नोबेल

(D) थॉमस एडिसन

120. यदि $\left(\frac{a}{b}\right)^{x-1} = \left(\frac{b}{a}\right)^{x-3}$ तो x का मान ________ है।

(A) $\frac{7}{2}$

(B) 1

(C) $\frac{1}{2}$

(D) 2

121. राजस्थानी भाषा किस भाषा परिवार से संबंधित है ?

(A) वेस्टर्न इंडो-आर्यन

(B) तिब्बती-बर्मन

(C) द्रविड़ियन

(D) ऑस्ट्रोएशियाटिक

122. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में क्या शामिल होता है ?

(A) कपाल और रीढ़ की स्नायु

(B) केवल रीढ़ की हड्डी

(C) केवल मस्तिष्क

(D) मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी

123. भौतिक 3D ऑब्जेक्ट बनाने के लिए किस प्रकार के प्रिंटर का उपयोग किया जाता है ?

(A) 3D प्रिंटर

(B) इंकजेट

(C) डॉट मैट्रिक्स

(D) लेज़रजेट

Tejal Shiksha Vibhag

124. राजस्थान में पहली महिला विधायक कौन थी ?

(A) प्रतिभा पाटिल

(B) वसुंधरा राजे

(C) कमला बेनीवाल

(D) यशोदा देवी

125. ग्रेट बियर झील ______ में स्थित है ।

(A) ग्रीनलैंड

(B) रूस

(C) कनाडा

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

126. 10 कुर्सियों की कीमत 4 मेजों के बराबर है । 15 कुर्सियों और 2 मेजों की कीमत एक साथ 4,000 रुपये है । 12 कुर्सियों और 3 मेजों की कुल कीमत है

(A) 3,900 रुपये

(B) 3,750 रुपये

(C) 3,500 रुपये

(D) 3,840 रुपये

127. राजस्थान की पहली महिला राज्यपाल कौन थी ?

(A) प्रतिभा देवीसिंह पाटिल

(B) मार्गरेट अल्वा

(C) इंदिरा गाँधी

(D) वसुंधरा राजे

128. एक परिवार में, पिता और माता की औसत आयु 35 वर्ष है । पिता, माता और उनके इकलौते बेटे की औसत आयु 27 वर्ष है । बेटे की उम्र __________ है ।

(A) 10 वर्ष

(B) 11 वर्ष

(C) 12 वर्ष

(D) 15 वर्ष

129. यदि डेटा को अधिलेखित (over write) नहीं किया गया है तो हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है ?

(A) रिकवरी टूल

(B) एन्क्रिप्शन

(C) फ़ॉर्मेटिंग

(D) अप्रयुक्त डिस्क स्थान

130. 29 अप्रैल, 1954 को पंचशील समझौते पर औपचारिक रूप से किन दो नेताओं के बीच हस्ताक्षर किए गए थे ?

(A) लाल बहादुर शास्त्री और झोउ एनलाई

(B) महात्मा गांधी और माओ-से-तुंग

(C) जवाहरलाल नेहरू और चाउ एन-लाई

(D) सरदार वल्लभभाई पटेल और देंग शियाओपिंग

131. $\dfrac{(20^2-10^2)+5\times3+10}{\frac{1}{3}\text{ of } 27+10+2+1}=?$

(A) $12\frac{2}{3}$

(B) $14\frac{1}{3}$

(C) $10\frac{2}{3}$

(D) 15

132. राजस्थान में माही बजाज सागर बांध कहाँ स्थित है ?

(A) धार

(B) बांसवाड़ा

(C) उदयपुर

(D) झाबुआ

Tejal Shiksha Vibhag

133. माइक्रोकंट्रोलर क्या है ?

(A) एक सॉफ्टवेयर सिस्टम

(B) एक चिप पर सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU), रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM), रीड ओनलि मेमोरी (ROM) का संयोजन

(C) एक बड़ा कंप्यूटर

(D) एक हाई-स्पीड मेमोरी

134. $1+\cfrac{1}{1+\cfrac{1}{1+\cfrac{1}{3}}}=?$

(A) $4\frac{4}{7}$

(B) $2\frac{4}{7}$

(C) $1\frac{4}{7}$

(D) $3\frac{4}{7}$

135. राजस्थान का कथक नृत्य मुख्य रूप से किस घराने से जुड़ा है ?

(A) ग्वालियर घराना

(B) लखनऊ घराना

(C) जयपुर घराना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

136. माही नदी किस खाड़ी से होकर अरब सागर में गिरती है ?

(A) अदन की खाड़ी

(B) कच्छ की खाड़ी

(C) मन्नार की खाड़ी

(D) खंभात की खाड़ी

137. पुर्तगालियों ने 1556 ई. में भारत में पहला प्रिंटिंग प्रेस कहाँ शुरू किया था ?

(A) गोवा

(B) मुंबई

(C) कोच्चि

(D) दमन

138. दो परीक्षा कक्ष A और B हैं । यदि 10 छात्रों को A से B में भेजा जाता है, तो प्रत्येक कमरे में छात्रों की संख्या समान है । यदि 20 उम्मीदवारों को B से A में भेजा जाता है, तो A में छात्रों की संख्या B में छात्रों की संख्या की दोगुनी है । कक्ष A में छात्रों की संख्या है

(A) 100

(B) 80

(C) 20

(D) 200

1093539 1093539 1093539 1093539

Tejal Shiksha Vibhag

139. FSSAI का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स ऑथोरिटी ऑफ़ इंडिया

(B) फ़ूड सिक्योरिटी एंड सैनिटेशन ऑथोरिटी ऑफ़ इंडिया

(C) फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया

(D) फ़ेडरल सिस्टम फॉर स्टैंडर्ड्स अक्रेडिटेशन इन इंडिया

140. महाराणा कुंभा के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है/हैं ?

a. वे मेवाड़ के महाराणा मोकल के सबसे बड़े पुत्र हैं ।

b. इतिहास उन्हें एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में याद करता है जिसने कभी कोई बड़ा युद्ध नहीं हारा ।

(A) दोनों कथन a और b गलत हैं

(B) केवल कथन b सही है

(C) केवल कथन a सही है

(D) दोनों कथन a और b सही हैं

141. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन–सा अनुच्छेद न्यायसंगत और मानवीय कार्य स्थितियों और मातृत्व राहत का प्रावधान करता है ?

(A) अनुच्छेद 43

(B) अनुच्छेद 40

(C) अनुच्छेद 39

(D) अनुच्छेद 42

142. एक संख्या अपने सातवें भाग से 84 अधिक है । संख्या है

(A) 196

(B) 14

(C) 12

(D) 98

143. रेटिना में प्रकाश के प्रति संवेदनशील कोशिकाएं होती हैं । वे प्रकाश पड़ने पर सक्रिय होकर क्या उत्पन्न करती हैं ?

(A) गर्मी

(B) ध्वनि तरंगें

(C) रासायनिक संकेत

(D) विद्युत संकेत

144. यदि granamelke का अर्थ big tree है, pinimelke का अर्थ little tree है और melkehoon का अर्थ tree house है, तो निम्नलिखित में से किस विकल्प का अर्थ big house होगा ?

(A) melkegrana

(B) pinishur

(C) granahoon

(D) pinihoon

Tejal Shiksha Vibhag

145. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच की अंतर्राष्ट्रीय सीमा है ?

(A) भारत और बांग्लादेश

(B) भारत और बर्मा

(C) भारत और पाकिस्तान

(D) भारत और चीन

146. (5967 – 2437 – 1910) ÷? = 27

(A) 45

(B) 50

(C) 60

(D) 65

147. ALU का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) ऑग्ज़ीलियरी लॉजिक यूनिट

(B) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट

(C) एप्लीकेशनं लॉजिक यूनिट

(D) एड्वान्सड लर्निंग यूनिट

148. राजस्थान की निम्नलिखित में से कौन-सी योजना किसानों द्वारा अपने खेतों पर गुणवत्तापूर्ण बीजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए है ?

(A) किसान सम्मान निधि योजना

(B) मुख्यमंत्री बीज स्वावलंबन योजना

(C) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

(D) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना

149. आशावादी खुशमिजाज है जैसे निराशावादी

(A) मददगार

(B) मतलबी

(C) उदास

(D) तुच्छ

150. 2007 में राजस्थान के राज्यपाल बनने से पहले पाकिस्तान में भारत के सबसे लंबे समय तक राजदूत रहे थे

(A) मिलाप चंद जैन

(B) शिलेन्द्र कुमार सिंह

(C) कलराज मिश्र

(D) ओम प्रकाश मेहरा

Tejal Shiksha Vibhag